# ALL INDIA CONGRESS COMMITTEE

24, AKBAR ROAD, NEW DELHI
COMMUNICATION DEPARTMENT

**Highlights of the Press Briefing** **Held at 1615 Hours 13.06.2014**

**Dr. Shakeel Ahmad & Smt. Shobha Oza addressed the media today.**

डा0 शकील अहमद ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि कल छत्तीसगढ़ के भिलाई स्टील प्लांट में एक बड़ी दु:खद दुर्घटना हुई है। पहले जो रिपोर्ट थी कि उनमें छ: लोगों की मृत्यु हुई है, और तीस से अधिक बहुत बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। अभी फिर एक समाचार मिला है कि कुछ और लोग भी प्रभावित हुए हैं और एक शायद और काम करने वाले की मृत्यु हुई है। हम कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी जी की तरफ से और पूरी कांग्रेस पार्टी की तरफ से इस घटना पर दु:ख प्रकट करते हैं और जो शासन–प्रशासन में जो लोग हैं उनसे आग्रह करते हैं कि जो प्रभावित लोग हैं, उनके इलाज के लिए और जो लोग हमारे साथ नहीं रहे उनके परिवार के लोगों की पूरी सहायता की जाए और शासन–प्रशासन हर ऐसा काम करे कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुर्नावृत्ति ना हो। कांग्रेस पार्टी के उपाध्यक्ष श्री राहुल गांधी जी ने भी इस सन्दर्भ में एक बयान के द्वारा आपको शोक संदेश दिया है।

एक दूसरी बात और भी है जो आज के सन्दर्भ में बहुत महत्वपूर्ण है कि कल भी सीमा पार घटनाएं हुई थी जिसमें हमारे एक सैनिक की मृत्यु हुई थी और दो घायल हुए थे और आज सुबह से जम्मू इलाके में पुंछ और राजौरी इलाके में लाईन आफ कंट्रोल पर पाकिस्तान की तरफ से लगातार युद्ध विराम का उल्लंघन किया जा रहा है। हमारे लोगों को निशाना बनाने की कोशिश की जा रही है। और यह भी महत्वपूर्ण बनता है समय के हिसाब से कि जब कल ही इस देश के रक्षा मंत्री उन क्षेत्रों के दौरे पर जाने वाले हैं और आज इस देश के प्रधानमंत्री ने सेना के तीनों अध्यक्षों की और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की बैठक बुलाकर स्थिती की समीक्षा का एक निर्णय लिया था और जिस दिन वो समीक्षा बैठक कर रहे हैं उसी दिन पाकिस्तान की तरफ से इस तरह की हरकत, मैं समझता हूं कि यह एक खुली चुनौती है भारत को और भारत की सरकार को। हमारे शासन–काल में जब इस तरह की कोई घटना होती थी तो आज के जो हमारे प्रधानमंत्री हैं वो अपने भाषणों में कहा करते थे कि समस्या सीमा पर नहीं है समस्या दिल्ली में बैठे लोगों के दिमाग में है। हम आज प्रधानमंत्री जी से पूछना चाहते हैं कि उन्होंने बहुत सम्मानपूर्वक आमंत्रित किया, उनको बड़े अच्छे तोहफे दिए और उसके बाद भी पाकिस्तान की तरफ से यह रवैया और वो भी उस दिन जिस दिन प्रधानमंत्री डिफेंस के तीनों अंगों के प्रमुखों से

विचार–विमर्श कर रहे हैं, यह निश्चित रूप से पहले उनके दिमाग पर असर हुआ हो या ना हुआ हो, इस घटना के बाद दिल्ली में बैठे लोगों और शासन में बैठे लोगों पर असर होना चाहिए।

एक और बात की तरफ मै आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। महामहिम राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद के प्रस्ताव का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने एक बड़ी गंभीर बात बड़े हल्के ढंग से की। उन्होंने कहा कि चार साल विकास, तरक्की और अन्त का एक साल राजनीति का यह बहुत ही गंभीर बात है। राजनीति मुज्जफरनगर वाली, राजनीति गुजरात वाली, राजनीति समाज को बांटने की, राजनीति समाज में सुनिश्चित भेदभाव पैदा करने की, अगर ऐसी राजनीति की मंशा इस देश के प्रधानमंत्री की है कि अपने शासन के अंतिम साल में वो इस तरह की राजनीति करेंगे तो देश को बहुत सावधान रहने की आवश्यकता है। देश को बहुत चौकन्ना रहने की आवश्यकता है। और देश के लोगों को प्रधानमंत्री का इस तरह के वक्तव्यों का जो आंकलन है उस पर गंभीर नजर रखने की आवश्यकता है।
इसके बाद महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती शोभा ओझा ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि कल एक मामला देश के समक्ष आया। निहाल चन्द मेघवाल जो कि भारत सरकार के राज्य मंत्री हैं उनको राजस्थान की एक अदालत द्वारा 20 अगस्त तक पेश होने का नोटिस जारी हुआ है एक बलात्कार के केस के मामले में। जब पूरा देश बलात्कार की अलग–अलग घटनाओं से चोट खाए बैठा है, जब उत्तर प्रदेश से लेकर, राजस्थान से लेकर, मध्य प्रदेश से लेकर, छत्तीसगढ़ तक तमाम घटनाएं रोज हमें झिझोड़ रही हैं, हमें परेशान कर रही हैं और इस देश की महिलाएं अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। जब तमाम सारे राजनेताओं द्वारा अलग–अलग वक्तव्य कहीं गैरजिम्मेदाराना कहीं अंसवेदनशील वक्तव्य देश के सामने आ रहे हैं महिलाएं परेशान हैं, जब थानों में भी बलात्कार और सामूहिक बलात्कार के मामले सामने आ रहे हैं।

21वीं शताब्दी में भी महिलाओं को, बच्चियों को, बेटियों को, बहनों को बलात्कार एवं सामूहिक बलात्कार कर मार दिया जाता है, पेड़ से लटका दिया जाता है, जब पूरे विश्व की निगाहें भारत पर हैं कि क्या भारत किस सदी में जी रहा है ऐसे समय में केंद्र के एक मंत्री को इस प्रकार का नोटिस जारी होना और लगभग करीब 24 घंटे हो गए और 24 घंटे के बाद भी उसके खिलाफ कोई कार्रवाई ना करना, बहुत ही शर्मनाक है। जो सत्ता में आए हैं बड़े–बड़े नारे दे कर, देश की महिलाओं को विश्वास दिला कर जिन्होंने नारा बुलंद किया था, जहां देखो पूरे भारत में वो नारा बुलंद हुआ था। बहुत हुआ महिलाओं पर वार, अब की बार मोदी सरकार। और महिलाओं को विश्वास दिलाया गया था कि अच्छे दिन आ रहे हैं। तो क्या भारत की महिलाओं ने इसी अच्छे दिनों के लिए सरकार को वोट डाले थे। जब प्रधानमंत्री जी ने संसद के अन्दर इस बात पर चिन्ता व्यक्त की थी कि संसद में कोई अपराधी नहीं होना चाहिए। उन्होंने उच्चतम न्यायालय से अनुरोध किया कि ज्यादा से ज्यादा फास्ट ट्रेक करके सभी मामले जल्दी निपटाएं जाए जिस–जिसमें कोई भी सांसद लिप्त था। या तो उनको सजा मिले और या तो उनको क्लीन चिट दें, ताकि जनता का विश्वास राजनेताओं से ना हटे। वो मोदी जी पिछले 24 घंटे में अभी तक क्यों नहीं अपने मंत्री

के विरूद्ध कोई कार्रवाई नहीं की, क्यों नहीं मोदी जी ने अपने मंत्री का इस्तीफा अभी तक लिया, यह प्रश्नचिन्ह आज इन पर लगा हुआ है। हम यह मांग करते हैं कि एक ऐसे मंत्री जिनको अदालत ने नोटिस जारी किया है, कोई मामूली मामले में नहीं, बलात्कार के मामलों में, ऐसे मंत्री को कोई मौलिक अधिकार नहीं है, कि वो अपने पद पर रहे और उनको तुरंत अपना त्याग–पत्र देना चाहिए जिससे कि अदालत की कार्रवाई को प्रभावित ना किया जा सके, इसलिए उन्हें तुरंत अपना त्याग–पत्र देना चाहिए और प्रधानमंत्री को सुनिश्चित करना चाहिए। नहीं तो उनकी कलाई देश के सामने खुल जाएगी और उनके जो लच्छेदार भाषण और नारे वो देते आएं हैं वो कोरे भाषण और नारे रह जाएंगे। उनकी करनी और कथनी में जो फर्क है वो देश के सामने एक बार फिर आएगा। इसलिए हम कड़े शब्दों में इस पूरी घटना पर विरोध जताते हैं और निहाल चन्द मेघवाल के इस्तीफे की मांग करते हैं।

To a question whether Smt. Sonia Gandhi has written any letter to the Speaker of the Lok Sabha asking for the position of Leader of Opposition, Dr. Ahmad said according to my information, she has not written any letter for Leader of Opposition. There was an Act in 1977 and amended up to 2002 in the Salary & Allowances Act passed by both the Houses of Parliament for Leader of Opposition, it is clearly mentioned that the opposition party having the greatest numerical strength in the House will be the main opposition party and its leader will be the Leader of Opposition. So, this is the factual position but as far as speculation in the media is concerned that Congress President has written any letter to the Hon'ble Speaker of Lok Sabha, it is not true and we will request the Media not to raise such issues without verification.

To another question whether there is any dispute between the Home Ministry and the CBI relating to a certain file of Ishrat Jahan fake encounter case, Dr. Ahmad said as far as my memory goes, a SIT was constituted by the Court. Even High Court and the Supreme Court are also seized of this case. I feel the High Court of Ahmedabad and Supreme Court will ensure that there is no interference of the government in the working of the CBI since CBI is an autonomous institution. We all know this.

On another question as to who will lead the party in Haryana, Dr. Ahmad said at present Mr. Ashok Tanwar is the PCC President of Haryana and Mr. Bhupinder Singh Hooda is the CLP leader of Haryana. What will happen tomorrow, I can't say at this juncture but today the position is that Mr. Bhupinder Singh Hooda is the CLP leader and Mr. Ashok Tanwar is the PCC President. Whenever the party goes in for election, there is a provision that when you are in opposition, the PCC President and the Chairperson of the Campaign committee generally lead the campaign and when you are in government, the PCC President, the CLP

leader and the Chairman of the Campaign committee will lead our campaign in elections in Haryana.

On the question of the reaction of the Congress party on the statement of Shri Narain Rane today that they will provide 20% reservation to 'Marathas', Dr. Ahmad said I have not seen that statement and have not analyzed that statement. So, let us examine that statement.

To another question whether there is any possibility of Congress supporting the AAP (Aam Aadmi Party) in forming the government in Delhi, Dr. Ahmad said the Congress party does not have any objection if the BJP and AAP both form the government in Delhi. As far as the question of the Congress party lending or seeking support for the formation of the government in Delhi is concerned, the Congress party will not support any party or seek support from any party for such cause.

On a question whether there should be a Real Estate Regulator keeping in view the present Campa Cola Society case in Mumbai, Dr. Ahmad said since I don't have detailed information on the case, the Hon'ble Supreme Court is already seized of the matter. It would not be appropriate to comment on the matters which are pending in the Courts.

On the question whether alliance with RJD will continue, Dr. Ahmad said both times during the No Confidence Motion against the JD (U) government in Bihar in 2013 and very recently in 2014, the Congress party had lent support to the JD (U) government so that the communal forces are kept out of power. Our pre-poll alliance with RJD is still intact even after the Lok Sabha elections. As far as JD (U) offering support to the Congress party for the position of the Leader of Opposition, we welcome this but I have already made our position clear of the position of the Leader of Opposition in my reply to an earlier question.

On the question of the reaction of the Congress party on Irrigation scam in Maharashtra and whether corruption will be main issue in the next assembly elections in Maharashtra, Dr. Ahmad said I have not seen that report. So, it is very difficult for me to comment without knowing the details of those reports.

**(Tom Vadakkan)**
**Secretary**
**Communication Deptt.**